5
अध्याय




# वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

# वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया हैः—

(करोड़ रु. मे)

| वर्ष | बजट अनुमान | संशोधित अनुमान | व्यय | सं.अ. के संबंध में व्यय का % |
|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | 534.88 | 644.11 | 573.68 | 90% |
| 2022-23 | 393.24 | 547.88 | 272.09 (दिसंबर 2022 तक) | 49.66 |

वित्त वर्ष 2021—22 के दौरान संशोधित अनुमान स्तर पर 644.11 करोड़ रूपये के आबंटन की तुलना में 573.68 करोड़ रूपये का उपयोग किया गया था। वित्त वर्ष 2021—22 में उपयोग न की गई राशि मुख्य रूप से केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधान से संबंधित थी।

वित्तीय वर्ष 2022—23 के दौरान, सं.अ. स्तर पर 547.88 करोड़ रु. के आबंटन की तुलना में 272.09 करोड़ रु. (दिसम्बर, 2022 तक) का उपयोग हुआ था।

वित्तीय वर्ष 2023—24 के लिए आबंटन 642.32 करोड़ रु. रखा गया है। इसमें से 563.50 करोड़ रु. केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों के लिए आवंटित किए गए हैं, 10.64 करोड़ रु. की राशि कोयला खान पेंशन स्कीम (सीएमपीएफओ) में सरकारी योगदान के लिए तथा शेष 68.18 करोड़ रु. की राशि सचिवालय, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, कोयला नियंत्रक संगठन के लिए आवंटित है।

वित्त वर्ष 2023—24 के लिए योजना/कार्यक्रम—वार आवंटन नीचे दिया गया हैं:—

(करोड़ रु. मे)

| क्र.सं | स्कीम का नाम | | राजस्व |
|---|---|---|---|
| 1. | सचिवालय (आर्थिक सेवाएं) | | 40.63 |
| 2. | कोयला खान पेंशन योजना, 1998 (सीएमपीएस. 98), सीएमपीएफओ | | 10.64 |
| 3. | कोयला नियंत्रक संगठन | | 11.82 |
| 4. | नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी | | 15.73 |
| 5. | अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रम | | 21.00 |
| 6. | कोयला खानों में संरक्षण, सुरक्षा तथा अवसंरचना विकास | कोयला खानों में संरक्षण एवं सुरक्षा | 20.00 |
| | | कोल्डफील्ड क्षेत्रों में परिवहन अवसंरचना विकास | 72.00 |
| | | पर्यावरणीय उपाय एवं धंसाव नियंत्रण | 0.50 |
| 7. | कोयला एवं लिग्नाइट का अन्वेषण' | क्षेत्रीय अन्वेषण | 250.00 |
| | | विस्तृत ड्रिलिंग | 200.00 |
| | **कुल** | | **642.32** |

*नोटः ''कोयला और लिग्नाइट अन्वेषण'' स्कीम के लिए निर्धारित 450 करोड़ रुपए की निधि एमएमईटी से पूरी की जाएगी।*

वित्त वर्ष 2023–24 के लिए कोयला पीएसयू का पूंजी व्यय (सीएपीईएक्स) घटक 21030.01 करोड़ रुपए है जिसका प्रावधान निम्नलिखित विवरण के अनुसार आंतरिक तथा अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आईईबीआर) से किया जाना है:

(करोड़ रु. में)

| पीएसयू का नाम | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ब.अ. | सं.अ. | व्यय | ब.अ. | सं.अ. | व्यय (दिसंबर 22 तक) | ब.अ. |
| सीआईएल | 14685 | 14685 | 15400.96 | 16500 | 16500 | 11800.37 | 16500 |
| एनएलसीआईएल | 2061 | 2061 | 2541.76 | 2920 | 2920 | 1541.28 | 2880 |
| एससीसीएल | 2500 | 2000 | 1713.7 | 2000 | 1600 | 909.81 | 1650 |
| कुल | 19246 | 18746 | 19656.42 | 21420 | 21020 | 14251.46 | 21030.01 |

